तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025



11 जिला पंचायत पर सचिव तबादलों में मनमानी का...




12 कोपरा में बिजली का खंभा 5 दिन में गिरा, किसान...










## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित मैनपाट प्रशिक्षण में होंगे शामिल

**राजिम।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसदों एवं विधायकों के लिए आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 7 जुलाई से 9 जुलाई 2025 तक मैनपाट सरगुजा में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू भी सहभागिता करेंगे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को संगठन की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस अवधि में वे अपने निवास कार्यालय में नियमित जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित नही हो सकेंगे तथा पुनः 11 जुलाई से अपने निवास कार्यालय में आमजनों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर साहू ने प्रदान की है।



### विधायक का आज जनदर्शन स्थगित

**छुईहा बेलर।** विधायक रोहित साहू का प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को लगने वाला जनदर्शन इस सोमवार को स्थगित रहेगा। विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द ने बताया कि विधायक रोहित साहू के अन्यत्र उपस्थित होने के कारण सोमवार का जनदर्शन नहीं हो पाएगा। हालांकि, इसके बाद जनदर्शन यथावत जारी रहेगा। जनदर्शन में राजिम विधानसभा क्षेत्र की आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित होती है, जहां विधायक उनकी समस्याओं को सुनते हैं और उनके निराकरण का प्रयास करते हैं।

### बहनोई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बहनोई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को प्रार्थी जीवन लाल यादव वार्ड क्रमांक 14 बागडपारा पिथौरा ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व उसकी छोटी बहन जमुना से झाडू राम ध्रुव ने प्रेम विवाह किया है। उनके दो बच्चे है। उसका बहनोई झाडू राम ध्रुव शराब पीकर बहन से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। दो-तीन दिन से उसकी बहन जमुना ध्रुव उसके घर में आकर रह रही है। 5 जुलाई की रात्रि करीब 10.30 बजे झाड़ूराम ध्रुव शराब पीकर उसके घर आकर गाली गलौज कर रहा था।

**बारिश :** धान बोनी के बाद भारी बारिश से जलभराव, किसानों की बढ़ी चिंता

# जिले में मूसलाधार बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में शनिवार रात से हुई मूसलाधार बारिश ने जहां एक ओर सूखती फसलों को जीवनदान दिया है, वहीं कई स्थानों पर यह बारिश किसानों के लिए नई मुसीबत बन गई है। जिन किसानों ने हाल ही में धान की बोनी की थी, उनके खेतों में भारी जलभराव की स्थिति बन गई है। खेतों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बीज गलने और फसल नष्ट होने का अंदेशा जताया जा रहा है। कई गांवों के खेत पूरी तरह से पानी से भर गए हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर संकट मंडराने लगा है। किसानों इशू तारक, रामलाल साहू और मकसूदन साहू ने बताया कि "अभी-अभी बोनी की थी, लेकिन इस अचानक भारी बारिश से खेत डूब गए हैं। अगर जल्द पानी नहीं निकला तो फसल सड़ जाएगी। इस बीच ग्रामीण अंचल से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि बारिश के बाद पानी की निकासी नहीं होने के कारण फसलों को नुकसान हो सकता है।

### सिंचाई विभाग से की गई अपील

ग्रामीणों और किसानों ने मांग की है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तत्काल ऐसे इलाकों का दौरा कर स्थिति का आकलन करना चाहिए। जिन जगहों पर जलभराव ज्यादा है, वहां तत्काल निकासी के उपाय किए जाने की जरूरत है, ताकि फसल को बचाया जा सके। कृषि विभाग के अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं और जल्द सर्वे की तैयारी में हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे किसान और भी सतर्क हो गए हैं।




### बारिश से गांव की गलियों में जल जमाव की स्थिति

**कोपरा।** लगातार कई दिनों से हो रही हल्की-फुल्की बारिश अचानक शनिवार रात और रविवार सुबह - शाम झमाझम बारिश ने खेत खलियान को जलमग्न कर दिया है जिससे कामकाज पूरी तरह से ठप हो चुका है कृषि कार्य कर रहे किसान भी अधिक बारिश होने के चलते अपने घरों में कैद हो गए हैं, तेज आंधी तूफान और हवा ने लोगों को देर रात डरा कर रख दिया और घरों में कैद होने मजबूर हो गए। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो सरकार के बड़े-बड़े दावे को खोखले साबित करते भी नजर आ रहे हैं। अधिकतम ग्राम पंचायत में नाली की साफ- सफाई बारिश से पहले नहीं की गई है जिसके चलते गांव की गलियों में जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई है मुख्य मार्ग पर भी पानी जाम हो चूका है जिससे पंचायत कि पोल खोल दी है सड़कों पर अधिक पानी जाम हो जाने से राहगीर दुर्घटना के शिकार होते जा रहे हैं खबर लिखे जाने तक जोरदार झमाझम बारिश होती रही। क्षेत्र के भेंडरी लोहरसी सहसपुर तरीघाट कौनकेरा रवेली जेंजरा, टेका, जैसे कई गांव के खेतों में लबालब पानी भरा हुआ है। देर रात यदि बारिश होती रही तो बाढ़ जैसी हालत निर्मित हो जाएगी।



## जलभराव से शांति नगर मार्ग पर आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर शांति नगर जाने वाले मार्ग में इन दिनों घुटने तक पानी भरा हुआ है। इस मार्ग में सीसी रोड का निर्माण किया गया है लेकिन पानी निकासी के लिए नाली निर्माण नहीं होने के कारण पानी भर जाने से मोहल्ले के लोगों को जहां आने- जाने में दिक्कत हो रही है। वहीं स्कूली छात्र- छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जनपद पंचायत मैनपुर को चाहिए कि इस दिशा में कोई ठोस कार्य योजना बनाकर कार्यवाही किया जाए ताकि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बारिश से किसानी कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में शनिवार रात से शुरू हुई झमाझम बारिश रविवार को दिन में 1 बजे बंद हुआ। लगातार हुई बारिश के बाद अंचल में खरीफ धान फसल की रोपाई ने रफ्तार पकड़ लिया है। पानी के अभाव में हाथ पर हाथ धरे बैठे कृषक अब खेतों की जोताई कोराई, बिचड़ा डालने, मेड बनाने में जुट गए हैं। हल बैल के साथ ही टैक्टर से खेतों की जोताई की जा रही है। जहां कहीं धान के बिचड़े तैयार है किसान खेतों में धान रोपाई करा रहे हैं। कल तक नदी नाले सूखे पड़े थे, आज नदी नाले भर गए। पानी से खेतों की क्यारियां डबडबा गई। जितनी बारिश हुई फिलहाल एक सप्ताह तब अब



बारिश की जरूरत नहीं है। हुई बारिश ने कृषकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। क्योंकि सुबह जैसे ही बारिश हुई कई गांवों के खेतो में ट्रेक्टर से जोताई मताई करते देखा गया। कृषक, मजदूर वर्ग ▶▶|शेष पेज 10 पर

## लगातार बारिश से आवासीय परिसर में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अंचल में लगातार हो रही बारिश के चलते धान बुआई के कार्यों में बाधा आ रही है। वहीं पर निकले हुए धान के फसल को लेकर किसानों को चिंता सताने में लगी है। बारिश के चलते नगर के वार्ड 13 में आवासीय परिसर के पास बारिश का पानी जाम है। सावन लगने में अभी 4 दिन बाकि है लेकिन भगवान भोलेनाथ की कृपा से कुछ दिनों से रूक–रूक कर हो रही बारिश से नगर सहित गांवों मे किचड़ का आलम बना हुआ है। वहीं पर पानी निकासी नहीं होने से नागरिक परेशान नजर आ रहे हैं। नगर के शासकीय



अस्पताल के सामने पानी भरने से उस पर मुरूम डाला गया है लेकिन वह मुरूम दलदल के रूप मे नजर आ रहा है जिसके चलते अस्पताल परिसर जाने के लिए दूसरी ओर से घूम कर जाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बारिश रूकने पर मुरूम बैठ जायेगा और बारिक गिट्टी डालने पर यह रास्ता ठीक हो जायेगा। सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे पशु चिकित्सालय के सामने बारिश का पानी इस कदर पानी जाम रहता जिससे स्कूल आने वाले छात्रों सहित अस्पताल आने -जाने वाले किसानों एवं अस्पताल के स्टाप को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पानी कम होने पर वहां पर पूरी तरह से कीचड़ व्याप्त रहता है।नगर पंचायत बन जाने के बाद भी पशु चिकित्सालय के लिए आज पर्यत एक सीसी रोड नहीं बना है।वार्ड 13 के नागरिकों ने पानी निकासी के लिए नाली ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बाइक और माजदा की टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मगरलोड-भेण्डरी मार्ग से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई है। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मगरलोड थाना अंतर्गत करेली बड़ी चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार मगरलोड मार्ग पर ग्राम बुढ़ेनी के पास तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश निषाद पिता मानसिंह निषाद (26 वर्ष) के रूप में हुई है, जो भेण्डरी मौहापारा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि मृतक कमलेश निषाद पारागांव काम करने गया था। शाम करीब 6.45 बजे घर जाने के लिए निकला था। तभी यह हादसा हो गया। घटना इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मृतक का सिर बुरी ▶▶|शेष पेज 10 पर



## हिरण की खाल और गांजे के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में हिरण की खाल और गांजा के साथ पति-पत्नी तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से अवैध गांजा और वन्य प्राणी (हिरण) की खाल बरामद की गई है। पति-पत्नी दोनों गांजा और खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कनसिंघी में पुलिस ने खिलावन दास वैष्णव (42 वर्ष) और उसकी पत्नी सेवती बाई वैष्णव (40 वर्ष) को अवैध गांजा और हिरण की खाल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से



सूचना मिली थी कि पति-पत्नी गांजा और खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक थैले में छिपाकर रखा गया गांजा (करीब डेढ़ किलो) और एक बोरी में छिपाकर रखा ▶▶|शेष पेज 10 पर

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 को, पंडित त्रिभुवन मिश्रा करेंगे गुरु गद्दी पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व इस वर्ष 10 जुलाई को मनाया जाएगा। यह दिन शिष्य द्वारा अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके ज्ञान व मार्गदर्शन के लिए सम्मान प्रकट करने का प्रतीक है। गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध को दर्शाने वाला यह पर्व सनातन धर्म और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्षेत्र के प्रसिद्ध भगवताचार्य और ग्राम पुरोहित, पंडित त्रिभुवन मिश्रा, जो बारूला वाले व सिद्धि विनायक मंदिर फिंगेश्वर के संचालक हैं, उनके यहां गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस वर्ष भी, पं. त्रिभुवन मिश्रा 10 जुलाई को फिंगेश्वर स्थित अपने आवास विनायक परिसर में गुरु गद्दी पूजन कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। आयोजन से जुड़े प्रमुख लल्ला महाराज ने बताया कि हर साल की तरह इस मौके पर हजारों अनुयायी उपस्थित होकर गुरु पं. त्रिभुवन मिश्रा से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 10 जुलाई को गुरुदीक्षा, पादुका पूजन, गुरु दर्शन एवं सत्संग, कीर्तन, भजन, रामायण और भंडारा प्रसादी** का आयोजन किया जाएगा। पं. त्रिभुवन मिश्रा ने गुरु पूर्णिमा के पावन संदेश पर कहा कि सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते ▶▶|शेष पेज 10 पर



**भक्ति-भाव, कीर्तन और पुष्पवर्षा के साथ निकली बहुड़ा रथयात्रा**

# मौसीबाड़ी से निजधाम लौटे जगत के नाथ, हरि नाम से गूंज उठा जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

श्रावण मास की पावन बेला में रविवार को गरियाबंद भक्ति के रंग में रंग गया। भगवान श्रीजगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी (गुंडिचा मंदिर) से वापस अपने निजधाम श्रीमंदिर लौटे। इस बहुड़ा यात्रा के पावन अवसर पर नगर हरि नाम के उद्घोष और ढोल-नगाड़ों की गूंज से सराबोर हो गया। दोपहर 3 बजे जैसे ही तीनों रथ रथपथ पर आगे बढ़े, श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सजे-धजे रथ, पुष्पवर्षा, नारियल अर्पण और भक्तों के नृत्य-कीर्तन ने आयोजन को भक्ति और उल्लास का पर्व बना दिया। रथों का शुद्ध जल से अभिषेक किया गया और मार्ग में भव्य सजावट देखने को मिली। श्री जगन्नाथ परिवार युवा बल समिति के सदस्यों ने बताया कि यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और श्रद्धा का प्रतीक है। हर वर्ष इसे और अधिक भव्यता से मनाने का प्रयास किया जाएगा।

### भक्तों का उमड़ा जनसैलाब





**धार्मिक मान्यता और महत्व-** बहुड़ा यात्रा का ओड़िया भाषा में अर्थ होता है वापसी। यह यात्रा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का समापन मानी जाती है। जहां रथयात्रा में भगवान मौसीबाड़ी जाते हैं, वहीं बहुड़ा यात्रा में वे अपने मूल निवास लौटते हैं। तीनों रथ तालध्वज (बलभद्र), दर्पदलन (सुभद्रा) और नंदीघोष (जगन्नाथ) श्रीमंदिर की ओर दक्षिण दिशा में बढ़ चले। रास्ते में भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर दर्शन किए, कीर्तन-नृत्य किया और सेवा भाव से सहभागी बने।

**भक्ति से जुड़े सामाजिक संदेश-** इस पावन यात्रा ने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का भी संदेश दिया। जगह-जगह भजन-कीर्तन, आरती और विशेष पूजन का आयोजन हुआ। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीजगन्नाथ के निजधाम पहुंचते ही वे योगनिद्रा में चले जाते हैं। यह समय देवशयन एकादशी से देवउठनी एकादशी तक चलता है, जिसमें सभी मांगलिक कार्य स्थगित माने जाते हैं। देवउठनी एकादशी के साथ ही शुभ कार्यों का पुनः आरंभ होता है।

## सफाई कर्मचारियों ने विधायक को बताई समस्या मानदेय और कार्य समय विभाजन पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने शुक्रवार को राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष चोवाराम गंधर्व और जिला सचिव चेतन सिन्हा के मार्गदर्शन में, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष तरुण कुमार के साथ संघ के सैकड़ों सदस्यों ने विधायक के जनदर्शन में अपनी मांगें और समस्याओं को विस्तार से बताया। जिला सचिव चेतन सिन्हा कुण्डेल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि साल 2011 में उन्हें केवल दो घंटे स्कूल लगने से पहले साफ-सफाई करने के लिए रखा गया था, जिसके लिए उन्हें प्रतिदिन 30 रुपये का मानदेय मिलता था। आज 2025 में भी यह राशि बढ़कर मात्र 110 रुपये हुई है।



कर्मचारियों ने शिकायत की कि इस बेहद कम मानदेय के बावजूद, कुछ प्रधान पाठक ने उनके काम को दो हिस्सों में बांट दिया है, जिससे उनका पूरा दिन बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बताया कि एक तरफ शासन-प्रशासन के बड़े अधिकारी और नेता कहते हैं कि स्कूल लगने से पहले साफ-सफाई कर दूसरे काम पर जा सकते हैं, लेकिन समय के इस विभाजन के कारण वे कोई और काम नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में 110 रुपये का मानदेय बहुत कम है। कर्मचारियों की समस्या सुनने के बाद विधायक रोहित साहू ने तत्काल ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### पंजा कुश्ती में टिकेश्वर ने जीता गोल्ड मेडल

**महासमुंद।** केरल राज्य में आयोजित पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में टिकेश्वर सिन्हा ने गोल्ड मेडल जीता। इस जीत पर पूर्व सभापति हेमंत डड़सेना, सरपंच सरिता चूड़ामनी डड़सेना, गेंद राम जोशी, देवा सिन्हा, सरजू निषाद, पालेश्वर सिन्हा, महेश भगत, सोहन यादव एवं सभी ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।



### गुरु का हमारे जीवन में महत्व विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में गुरु पूर्णिमा पर गायत्री परिवार के सहयोग से गुरु का हमारे जीवन में महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 13 और 10वीं से 03, इस प्रकार कुल 16 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं की चांदनी साहू एवं चित्ररेखा साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं कीलिसा ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 10वीं की गरिमा टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से चांदनी साहू का चयन ब्लॉक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### चातुर्मास में रामचरित मानस का पाठ अवश्य करें

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि 6 जुलाई से देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो गया। हरिशयनी एकादशी के बाद चार माह कोई भी मांगलिक कार्य वर्जित है। इस वर्ष चातुर्मास देवशयनी एकादशी 6 जुलाई से प्रारंभ होकर 1 नवम्बर देवउठनी एकादशी तक 119 दिनों की है।

---

**जागरूक : सहकारी समितियों को सौ-सौ पौधरोपण करने का दिया गया लक्ष्य**

# ओंकारबंद धान खरीदी केंद्र परिसर में पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत जिले के सभी पैक्स समितियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत लगभग प्रति समिति में 100 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा के उपकेंद्र ओंकारबंद में द्वारिकानाथ क्रांत उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद ने बरगद, संजय गुप्ता वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक महासमुंद ने आम, पीएल सिन्हा शाखा प्रबंधक बागबाहरा ने अशोक, जयप्रकाश साहू संस्था प्रमुख प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा ने नीम तथा अन्य सभी कर्मचारियों ने फलदार, छायादार पौधों का रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया।



**बरगद पीपल देवतुल्य पौधे**

पौधरोपण के दौरान द्वारिकानाथ क्रांत ने बताया कि सनातन में पीपल एवं बरगद को देवतुल्य पौधे कहा गया है। शास्त्रों के मुताबिक इन पौधों में देवता का वास होता है। उन्होंने कर्मचारियों को लगाए गए पौधे की संरक्षण तथा इस अभियान में अधिक से अधिक किसानों एवं ग्रामीणों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

**सैकड़ों पौधों को पेड़ बनते देखा**

संस्था प्रमुख जयप्रकाश साहू ने कहा कि कर्मचारियों की ओर से अपने जन्मदिन अवसर पर लगाए गए सैकड़ों पौधों को पेड़ बनते देख काफी खुशी होती है। बंजर जमीन पर कर्मचारियों की मदद से लगाए गए पौधे अब फल फूल के साथ शुद्ध हवा एवं किसानों को गर्मी मे राहत दिला रही है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप जिले के उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद द्वारकानाथ क्रांत ने सहकारी समितियों के खाली जगहों पर छायादार अथवा फलदार पौधे रोपने के निर्देश जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को दिए थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी ओंकारबंद स्थित सेवा सहकारी समिति के उपकेंद्र पहुंचकर बरगद के पौधे का रोपण कर आगामी समय में पौधों के वृक्ष बनने के बाद उनके महत्व पर बाते कही।

धान उपार्जन केंद्र ओंकारबंद में आयोजित पौधरोपण के दौरान मनीष चंद्राकर प्रबंधक सहकारी समिति मामाभांचा, नोमेंद्र साहू प्रबंधक झारा, यशवंत महोबिया प्रबंधक सुखरीडबरी, प्रेमलाल साहू, सुरेंद्र पटेल, चमन पटेल, उमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, खेमराज सिन्हा, योगेश सिन्हा,चंदू ध्रुव, तेजराम पटेल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार खल्लारी के विकास के लिए प्रतिबद्ध : अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधानसभा भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार खल्लारी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विष्णु का सुशासन मोदी की गारंटी के तहत सभी वर्गों के लिए गांव गरीब किसान मजदूर युवा महिला व्यापारी सबके हित की चिंता करती है।



भाजपा का मूल मंत्र अंत्योदय एवं सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास को साथ लेकर चलती है। आज खल्लारी विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी के सरकार में स्वीकृत हुआ है। एमकेबाहरा छूहिया अरंड में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75.23 लाख प्रत्येक, तेंदूकोना में महाविद्यालय भवन के लिए 456 लाख, कस्तूरबा आवासीय छात्रावास एवं खेल मैदान हेतु 300 लाख, ओपन स्टेडियम निर्माण हेतु 137 लाख, पीएम उषा स्मार्ट कॉलेज हेतु 265.61 लाख, छुहीया-फिरंगी मार्ग सड़क पुल पुलिया निर्माण के लिए 670 लख रुपए, परसूली बनियातौरा मार्ग हेतु 281 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। जिनमें निविदा प्रक्रिया जारी है एवं शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। छुहिया फिरंगी मार्ग ओपन स्टेडियम कार्य प्रारंभ है। आने वाले समय में शीघ्र ही अन्य बहु प्रतीक्षित मार्ग बिहाझर गांजर रेवा मार्ग, तेलीबांधा से पड़कीपाली मार्ग, डूमरपाली से घुंचापाली मार्ग, कमरौद चरोदा मार्ग, बेलर मोहदी मार्ग भी स्वीकृत होने के कगार पर है। अलका चंद्राकर ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। खल्लारी के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

**बियासी कार्य...**



नर्रा। मानसून सक्रिय है। शनिवार शाम से शुरू हुई बारिश रातभर होती रही। वहीं रविवार को भी अच्छी बारिश हुई। अब खेती किसानी कार्य में तेजी आएगी। ज्ञात हो कि क्षेत्र में जो किसान आषाढ़ के शुरूआती दौर पर धान की बुआई कर चुके है, उनकी धान फसल बियासी करने लायक हो गई है। क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से उतार खेतों के अलावा बाहरा नार खेत में पानी का भराव होने से बियासी कार्य शुरू हो गया है। साथ ही रोपाई कार्य में गति आयेगी। अभी भी धान की बुआई कार्य जारी है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आज रायपुर में होगी महासभा : मोक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- संविधान महासभा में सभी को शामिल होने किया आग्रह

जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष आगामी 7 जुलाई सोमवार को सुबह 11 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे किसान-जवान-संविधान महासभा को संबोधित करेंगे। साथ ही फेल हुई सांय-सांय की डबल इंजन की सरकार की नाकामी को बताएंगे। डबल इंजन की सरकार में किसान, नौजवान सब ठगा सा महसूस कर रहे है। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम हो या युवाओं को रोजगार की बात हो सब केवल पोस्टर बनकर रह गया है। आज इस सांय-सांय की सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है, चाहे किसान हो, जवान हो या फिर संविधान। सब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कहने को डबल इंजन की सरकार है, लेकिन दोनों इंजन फेल चल रहा है।



इन सभी समस्या व आम जनता की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जन सभा को संबोधित करने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बसना विधानसभा के किसान, नौजवान से किसान, जवान, संविधान महासभा में शामिल होकर अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान कर इस महालड़ाई में सहयोग देने की अपील की है।

# अलका ने नेत्रहीन विद्यालय में मनाया गया सांसद रूपकुमारी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विद्यालय के छात्रों को फल, मिठाई व बिस्कुल बांटे

लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी का जन्मदिन अल्का नरेश चंद्राकर ने फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय में भव्य आयोजन के बीच मनाया। विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से सांसद को जन्मदिन की बधाई दी और केक काटकर छात्रों को फल मिठाई बिस्कुट वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अलका चंद्राकर ने कहा कि बड़े खुशी की बात है कि हम करमापटपर स्थित नेत्रहीन विद्यालय में हम सांसद का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मना रहे हैं। पूरे छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, स्टाफ, भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से सांसद को जन्मदिन की बधाई देते हुए माता चंडी मां खल्लारी से उनके दीर्घायु व स्वस्थ प्रसन्न रहने की कामना एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हैं। इस अवसर पर अलका चंद्राकर नरेश चंद्राकर, पिलेश्वर पटेल, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, डाली डिंपल ध्रुव, हेमंत तिवारी, रूपेश साहू, कोमल साहू सहित स्कूल के डायरेक्टर निरंजन साहू, लक्ष्मी प्रिया साहू, रश्मि साहू, भूमिका यादव, पुष्प लता पटेल, वर्षा चक्रधारी, ललित नागेश, धनेश्वरी नागेश, देवकी यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### मरार कसहीबाहरा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मरार कसहीबाहरा में विशेष ग्राम सभा का किया गया। सभा का शुभारम्भ शाकंभरी माता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। सभा में गांव के विकास व समस्याओं को लेकर सरपंच संगीता गुणनिधि पटेल सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणजनों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जहां चर्चा में प्रमुख रूप से गांव के लोगों को शासकीय योजनाओं का विशेष लाभ मिले, इस चर्चा, परिचर्चा के साथ गांव नशामुक्ति को लेकर पूर्ण शराबबंदी, शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण के आलावा स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था में विशेष सुधार का कार्य व आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही बारिश के समय को ध्यान में रखते हुए सरपंच ने पौधरोपण, गांव की साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से कराने ग्रामीणों से अपील भी की। इस अवसर पर उपसरपंच भेखराम साहू, पंचायत सचिव नेमीचंद साहू, हाईस्कूल व्याख्याता शोभा गुप्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता निखिल चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दामिनी साहू, पिनिता साहू, मितानिन बालकुमारी साहू, नेमलता साहू, सक्रिय महिला के सदस्य, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों में ढेलूराम साहू, तिलक साहू, सतीश साहू, पोखन साहू, कृपाराम साहू, देवकराम साहू, ओमप्रकाश साहू, नेतराम पटेल, पूर्व सैनिक भेखराम पटेल, देवानंद साहू, नीलकंठ पटेल, खिलेश साहू, संतराम पटेल, कमलनारायण साहू, नोशन पटेल सहित वार्ड पंचगण व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामाप्रसाद की मनाई गई जयंती

**महासमुंद।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व अखंड भारत के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को मनाई गई। भाजपा शहर मंडल के शिवशक्ति केंद्र बूथ क्रमांक 181 में मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रहित में उनके योगदान का स्मरण किया गया। पूर्व पार्षद व मंडल महामंत्री मीना वर्मा ने मुखर्जी द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के कल्पना के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किए संघर्षों को बताते हुए कहा कि एक देश में दो संविधान, दो निशान और दो प्रधान के विरोध में भारत देश के अभिन्न अंग कश्मीर में लागू परमिट सिस्टम को खत्म करवाने के लिए संघर्ष करते हुए श्यामाप्रसाद ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। मुखर्जी के संघर्षो और कार्यों के कारण ही देश को कई टुकड़ों में विभाजित होने से बचाया जा सका है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, सारिका यादव, समीर करकसे, भगवती साहू, कुंती सिन्हा, पद्मिनी सोना, राजकुमारी निषाद, दुर्पति नायक, अनिता ठाकुर, कुमारी निषाद, जीवन सिन्हा, विनय वर्मा सहित बड़ी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकगण उपस्थित रहे।



# बागबाहरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाने सर्व आदिवासी समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष थानसिंग दीवान की अध्यक्षता में 05 जुलाई शनिवार को आवश्यक बैठक फॉरेस्ट रेस्ट हाऊस में हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण सिंह बरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव मनोहर ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉली ध्रुव विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित समाजजन द्वारा सामाजिक मुद्दों व समाज से संबंधित विषयों पर चिंतन-मनन किया गया। जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिला स्तरीय 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस बागबाहरा में, 24 जून रानी दुर्गावती बलिदान दिवस महासमुंद में, 15 नवंबर बिरसा मुंडा जंयती बसना में, 10 दिसम्बर शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस पिथौरा तथा 26 दिसम्बर आदिवासी महासम्मेलन वीरघाटी-सिंघोड़ा (सरायपाली) में मनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त को प्रत्येक वर्ष विश्व आदिवासी दिवस समारोह को मनाते हैं। परन्तु इस वर्ष 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन का त्योहार होने की वजह से अगस्त में ही कोई अन्य तिथि में बागबाहरा मंडी परिसर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी आदिवासी समाज के विभिन्न जाति के समाज प्रमुखों व जिलाध्यक्षों से संपर्क कर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए निवेदन कर आमंत्रित किया जाएगा। बागबाहरा में विश्व आदिवासी समारोह की तैयारी व रुपरेखा के लिए आगामी बैठक 12 जुलाई 2025 को बागबाहरा में ही किया जाएगा।



इस बैठक में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष लेखराम दीवान, जिला सचिव विनोद दीवान, जिला कोषाध्यक्ष सहदेव ध्रुव, सलाहकार मनराखन ठाकुर, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष गोलू रावल, बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष लोकेश दीवान, ब्लाक उपाध्यक्ष अंजोर ठाकुर, ब्लाक कोषाध्यक्ष राम कुमार ठाकुर, भूषण सिंह बरिहा, पार्षद सरिता दीवान, युवा प्रकोष्ठ बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष उमेश कुमार दीवान, हरीश दीवान, सुकालू राम बरिहा, लव कुमार दीवान, हरिहर दीवान, लोकनाथ ध्रुव, भूषण दीवान, राजेश दीवान, यदुवेंद्र कुमार ध्रुव, नोहर बरिहा, ओकेश्वर दीवान सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के देवतुल्य सगाजन उपस्थित रहे।

# खट्टी में संयुक्त रूप से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला एवं प्राथमिक शाला खट्टी का शाला प्रवेशोत्सव प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरवपूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामभरोसा साहू उपाध्यक्ष शाला विकास समिति कन्या खट्टी, अध्यक्षता भागवत जगत भूमिल प्रधान पाठक कन्या उच्च प्राथमिक शाला खट्टी, विशेष अतिथि के रूप में श्रीकांत शर्मा, लीना पांडेय, लखन लाल विश्वकर्मा, विनय कुमार साहू, नारद पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की पावन वंदना से किया गया। अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन की गई। शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में चर्चा करते हुए विशेष अतिथि के आसंदी से बोलते हुए श्रीकांत शर्मा ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, जो जैसा सिखाओगे वह वैसा हो जाता है। इसी कड़ी में प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठक लीना पांडेय ने कहा कि विद्यालय टकसाल की तरह कार्य करते हैं। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने अपने विचार रखते हुए कहा की बच्चे हमारे देश का भविष्य है, हमें उनकी शिक्षा में समुचित ध्यान देने की आवश्यकता है।



## पेज 9 के शेष...

### बारिश से किसानी...

सारे खेतों में नजर आये। कृषक मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा, राधे सेन, भोजराज नागेश, गोवर्धन नागेश, प्रेम ठाकुर आदि लोगों ने बताया कि अच्छी बारिश के कारण क्षेत्र के प्रायः सभी गांवों के कृषक अपने खेतों में रोपाई मताई से होने वाले धान की बोआई, खेतों की जोताई के लिए कृषकों में उत्साह दिखाई दिया। तथा सभी सक्रियता के साथ खेती किसानी के कार्य में जुट गये है। जिस ग्राम में रविवार को हल व ट्रैक्टर चलाना बंद रहता है, वहां सोमवार से खेती किसानी के कार्य युद्ध स्तर पर जोर पकड़ लेगा। खेती किसानी का कार्य 10 - 15 दिन में ही पूर्ण हो जायेगा। ऐसी संभावना कृषकों ने व्यक्त की है।

**कृषि तकनीकों की दी जा रही जानकारी-** विभाग की ओर से किसानों को उन्नत बीज, जैविक खाद और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। विभाग का कहना है कि यदि मौसम यूं ही सहयोग करता रहा, तो इस बार की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। किसान पूरी लगन और उम्मीद के साथ अपनी फसलों की देखरेख में जुटे हुए हैं। खेतों में हरियाली देख ग्रामीणों के मन में ही नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

### लगातार बारिश से...

एवं सी सी रोड बनाने की मांग नगर पंचायत से की है। **अधिक बारिश से फसलों को नुकसान-** इधर किसानों ने हरिभूमि को बताया कि अंचल मे 80 प्रतिशत धान बुआई हो गई है वहीं पर 20 प्रतिशत धान बुआई बाकि है लेकिन वह तभी संभव हो जब बारिश बंद हो।वहीं पर जिनके धान के पौधे निकल गये है ऐसे किसानों का कहना है कि बारिश बंद होगी और धूप निकलेगा तो फसल को मजबूती मिलेगी।बारिश बंद नहीं होने से पौधों के नष्ट होने का अंदेश रहेगा। इस बात की पुष्टि कृशि विभाग के आरईओ हरिशंकर सुमेर ने भी की है।उन्होने बताया कि डीएपी खाद की किल्लत के चलते वैकल्पिक रूप से सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग करने की सलाह किसानों को दिया जा रहा है।

### बाइक और माजदा...

तरह से कुचला गया। उसके हाथ-पैर में भी गंभीर चोट लगी थी। अधिक खून बहने के कारण मौके पर ही कमलेश की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना करेली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। **7 महीने में 6 से ज्यादा मौतें-** तेज रफ्तार इन वाहनों से लगभग 7 महीने में इस रास्ते पर यह 6वीं मौत है। नशे में धुत चालक वाहनों को खूनी रफ्तार से चलाते हैं। जानकारी के अनुसार इससे पहले भी इस मार्ग पर हाइवा वाहनों से 5 से अधिक मौतें हो चुकी हैं और कई मवेशी भी कुचले जा चुके हैं। कई बार रात के अंधेरे का फायदा उठाकर और कई बार सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर ये वाहन भाग निकलते हैं, हैरानी की बात यह भी है कि ये वाहन अब तक पकड़ में भी नहीं आए हैं।

### हिरण की खाल...

गया वन्य प्राणी हिरण की पुरानी खाल मिली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से गांजा और खाल बरामद की है। गांजे की कीमत करीब 15 हजार और खाल की कीमत 50 हजार आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 39(ए)(बी), 49(ए)(बी), 50, 51 और बीएनएस की धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को गांजा, शराब और वन्य जीव से संबंधित अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत थाना छुरा की टीम ने यह सफल कार्रवाई की। थाना प्रभारी छुरा और उनकी टीम की तत्परता और त्वरित कार्रवाई की वजह से अवैध कारोबार की बड़ी योजना को रोका जा सका। पुलिस ने कहा है कि इस तरह के अपराधों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव...

हैं। उन्होंने गुरु शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि 'गु' का अर्थ अंधकार या अज्ञान और 'रु' का अर्थ प्रकाश है, अर्थात अज्ञान को हटाकर प्रकाश और ज्ञान की ओर ले जाने वाले को ही गुरु कहा जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गुरु की कृपा से ही ईश्वर का साक्षात्कार संभव है और गुरु की कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

### सफाई कर्मचारियों ने...

विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर को फोन लगाया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी उनके परिवार हैं, और उनसे दो घंटे का काम एक ही समय में लिया जाए तथा समय का विभाजन न किया जाए। इस मौके पर खुमान राम पटेल, निरंजन साहू, कमल नारायण बंजारे, ममता यादव, पंचवटी साहू, आमीन निषाद, हेमसिंग साहू, रामसरा वर्मा, गणेश साहू, नीरज ध्रुव, कोमल पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### 65 वर्षीय खेदुराम ने किया पौधारोपण

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** परदाखुर्द निवासी 65 वर्षीय श्री खेदुराम यादव ने शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सराहनीय पहल की। उन्होंने उचित मूल्य की दुकान, आंगनबाड़ी और तालाब के सामने नीम, चिराई जाम, अशोक, जामुन और पीपल जैसे छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस दौरान खेदुराम यादव ने उपस्थित लोगों को भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि पौधे न सिर्फ पर्यावरण को संतुलित करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और हरियाली भी सुनिश्चित करते हैं।/" उनका यह प्रयास समाज में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गायत्री मंदिर रसेला में बाल शाला संस्कार का शुभारंभ



**रसेला।** परम पूज्य गुरुदेव और परम पूज्यनीय माता जी के आशीर्वाद से गायत्री मंदिर रसेला में 6 जुलाई को बाल शाला संस्कार का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य जगत राम यादव, ठाकुर राम यादव मौजूद थे। इस कार्यक्रम की शुभारंभ मां गायत्री और ज्ञान देने वाली मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के संचालन कर रहे चन्द्रकला यादव ने कहा कि इस बाल शाला संस्कार का उद्देश्य बच्चों को अच्छे संस्कार देना और उन्हें ज्ञानी, चरित्रवान और गुणवान बनाना है। गायत्री परिवार द्वारा संचालित बाल शाला संस्कार में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा भी दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन कर इस शाला के माध्यम से बच्चों की प्रतीक्षा निखारी जाएगी। बाल शाला संस्कार के प्राचार्य सरस्वती यादव,फूलेश्वरी पटेल ने कहा कि आज देश को अच्छे ईमानदार संस्कारवान व्यक्ति की जरूरत है। जिसे सिर्फ एक अच्छी मां ही उसे गढ़ सकतीं हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से, गायत्री परिवार बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने और उन्हें एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। संस्कार शाला में 20 बच्चे शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से विधी यदु , करूणा ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, पाखी यदु, हेमलता ठाकुर, प्रिती ठाकुर, निशा यदु, मुस्कान ठाकुर, शिवानी पटेल, ज्योति ठाकुर, चेतना ठाकुर शामिल हुए। इस मौके पर गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता नंदकिशोर यादव, ओमप्रकाश यादव, दुलम यादव, दुलसिया यादव सहित सभी परिजन उपस्थित थे।

**आरोप : जिला पंचायत सदस्य नेताम ने सचिव तबादलों पर उठाए सवाल, जांच की मांग**

# जिला पंचायत पर सचिव तबादलों में मनमानी का लगा आरोप, दागी सचिवों को गृह पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिला पंचायत पर ग्राम पंचायत सचिवों के तबादलों में मनमानी और सिंगल-सिंगल आदेश में पोस्टिंग और अतिरिक्त प्रभार के खेल का गंभीर आरोप लगा है। जिला पंचायत सदस्यों ने इन तबादलों को तबादला उद्योग करार दिया है, जबकि ग्रामीणों को शिकायत के आधार पर हटाए गए सचिवों को वापस हटाने के लिए जिला सीईओ के पास साष्टांग तक होना पड़ रहा है। पिछले एक माह में गरियाबंद जिला पंचायत ने टुकड़ों में 30 से भी ज्यादा पंचायत सचिवों के तबादले और अतिरिक्त प्रभार के आदेश निकाले हैं।

इन आदेशों की प्रकृति पर सवाल उठाते हुए, पिछले कार्यकाल में जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है। नेताम ने कहा कि जनपद सीईओ के प्रस्ताव पर ही सचिवों का तबादला होना चाहिए, क्योंकि जनपद पंचायत को ही सचिवों से काम लेना होता है और उनकी कुंडली जनपद में होती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पोस्टिंग और अतिरिक्त प्रभार के आदेश निकाले गए हैं, उसे देखकर कोई भी समझ जाएगा कि तबादलों का मकसद क्या है। संजय नेताम ने कलेक्टर से सभी तबादला आदेशों की समीक्षा करने की मांग की है। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के आरोपी समारू राम, जो 4 साल से जनपद में अटैच थे, को अचानक जाड़ापदर का सचिव बना दिया गया है। गरियाबंद ब्लॉक के पारागांव में पदस्थ कीर्तन राम साहू को मैनपुर के धारनिधोड़ा भेजने का आदेश भी सुर्खियों में है।

**सचिव संघ के व्हाट्सएप ग्रुप में आरोप-प्रत्यारोप, डीलिंग वालों को मिली राहत-** जिला पंचायत द्वारा जारी 20 से भी ज्यादा आदेश पंचायत सचिवों के व्हाट्सएप ग्रुप में चर्चा का विषय बने हुए हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, जिसमें जिला पंचायत प्रशासन और पंचायत सचिवों के बीच दलाली करने वाले कुछ खाटी पंचायत सचिवों के नाम भी चर्चा में हैं। यह भी आरोप है कि सुराज अभियान में हुई शिकायतों के बावजूद कई सचिवों की पेशी जिला पंचायत दरबार में कराई गई और उन्हें राहत दिलाने के लिए डील होने की भी खबर है।

**तबादलों पर क्यों उठ रहे सवाल? कुछ प्रमुख मामले**

**केस 1**

#### दागी सचिव को गृह पंचायत, ग्रामीण परेशान

देवभोग जनपद के मुंगिया पंचायत में पदस्थ सचिव देवानंद बीसी को सप्ताह भर पहले कदलीमूड़ा पंचायत में पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया। कदलीमूड़ा उनका मूल निवास है और ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि तीन साल पहले वह यहीं पदस्थ रहते हुए जमकर भ्रष्टाचार कर चुका था। ग्रामीणों की मांग पर उसे तब हटाया गया था। अब उसे दोबारा गृह पंचायत भेजने का विरोध 12 वार्ड पंचों और ग्रामीणों ने शुरू कर दिया है। देवभोग दौरे पर आए जिला सीईओ जीआर मरकाम के समक्ष पंचों और ग्रामीणों ने लिखित मांग की है, यहां तक कि कुछ ग्रामीणों ने सीईओ के पैर पकड़कर उसे हटाने की गुहार लगाई है।



#### सरपंचों की मांग पर तबादले हो रहे

गरियाबंद जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम ने आरोपों पर कहा कि लोकतंत्र में आरोप लगाने की स्वतंत्रता सभी को है। उन्होंने कहा कि कई सालों से जमे ऐसे पंचायत सचिव जिनका वर्तमान सरपंच के साथ पटरी नहीं बैठ रहा, उन्हें ही हटाया गया। इसके लिए मांग आई हुई थी। पीएम आवास की प्रगति दोनों के सामंजस्य से हो पाएगी, ऐसे में सरपंचों की मांग पर तबादले हो रहे हैं।

**केस 2**

#### चार्ज लेने से पहले ही दूसरा आदेश

3 जून को जारी आदेश में मैनपुर जनपद के उरमाल में पदस्थ सत्यरंजन हंसराज को डूमाघाट पदस्थ किया गया। लेकिन चार्ज लेने की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही, 1 जुलाई को जारी आदेश में पंचायत सचिव चम्पेश्वर दास को भी डूमाघाट में पदस्थ कर दिया गया। डूमाघाट के अतिरिक्त प्रभार में रहे सचिव संतोष गुप्ता को पहले मदागमुडा भेजा गया, फिर सप्ताह भर में एक और आदेश निकालकर रूपेंद्र यादव को वहां पोस्ट कर दिया गया। इन अनियमितताओं से सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह मनमानी किसी के इशारे पर हो रही है, या फिर लेन-देन और सुविधा शुल्क की नई परिपाटी शुरू हो गई है।

**केस 3**

#### आपसी सहमति की आड़ में खेल

3 जुलाई को जारी एक आदेश में मैनपुर जनपद के गोपालपुर सचिव त्रिवेंद्र नागेश और तुहामेटा के त्रिलोक नागेश को आपसी सहमति के आधार पर एक दूसरे के पंचायत में अदला-बदली किया गया। लेकिन माह खत्म होते-होते 30 जुलाई को एक और आदेश ने सभी को चौंका दिया। नए आदेश के मुताबिक, तुहामेटा में पदस्थ हो चुके त्रिवेंद्र को उसके पुराने पंचायत गोपालपुर का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया, जबकि त्रिलोक को जनपद में अटैच कर दिया गया। चर्चा है कि यह सारा प्रपंच त्रिवेंद्र को दो-दो पंचायतों की जिम्मेदारी देने के लिए किया गया, क्योंकि त्रिवेंद्र को जिला पंचायत के बड़े अफसर का करीबी रिश्तेदार बताया जा रहा है।

## सफलता का मंत्र मेहनत, लगन और अनुशासन : अशोक बजाज

**सुन्दरकेरा स्कूल में हुआ शाला प्रवेशोत्सव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सुन्दरकेरा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्यअतिथि एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि शिक्षा वह प्रकाशपुंज है जिससे सम्पूर्ण समाज आलोकित होता है। आधुनिक समय में शिक्षा के बढ़ते महत्व को देखते हुए मेहनत, लगन एवं अनुशासन से पढ़ाई करें क्योंकि परिश्रम का विकल्प केवल परिश्रम है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए अनेकानेक सुविधाएं मुहैया कराई गई है। पाठशालाओं को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। भविष्य में सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति बहुत ही व्यावहारिक है, इससे विद्यार्थियों को ज्ञान एवं संस्कार तो मिलेगा ही, साथ साथ आत्मनिर्भर बनने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत की सभापति चन्द्रकला ध्रुव, जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शाला प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू, प्राचार्य महेंद्र सिंह मन्नाडे, सरपंच धनेश्वर टंडन, भाजपा युवा नेता थनेंद्र साहू, उपसरपंच कमलेश यादव, पंचगण संजू साहू, गोवर्धन यादव, श्रीराम ध्रुव, भारत ध्रुव, टीकाराम पटेल, किशुन टंडन, शत्रुघ्न साहू एवं कोमल यादव सहित भारी संख्या में पालकगण उपस्थित हुए।

## बागबाहरा में विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाने सर्व आदिवासी समाज की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



शनिवार को आवश्यक बैठक फारेस्ट रेस्ट हाऊस में पंजीयन क्रमांक 4230 सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुन्द के जिलाध्यक्ष थानसिंग दीवान के अध्यक्षता में आहुत किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण सिंह बरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव मनोहर ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डाली ध्रुव विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित समाजजन द्वारा सामाजिक मुद्दों व समाज से संबंधित विषयों पर चिंतन-मनन किया गया।जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिलास्तरीय 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस बागबाहरा में, 24 जून रानी दुर्गावती बलिदान दिवस महासमुन्द में,15 नवंबर बिरसामुंडा जंयती बसना में,10 दिसम्बर शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस पिथौरा में तथा 26 दिसम्बर आदिवासी महासम्मेलन वीरघाटी-सिंघोड़ा (सरायपाली) में, मनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त को प्रत्येक वर्ष विश्व आदिवासी दिवस समारोह को मनाते हैं, परन्तु इस वर्ष 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन का त्यौहार होने की वजह से अगस्त में ही कोई अन्य तिथि में बागबाहरा मंडी परिसर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी आदिवासी समाज के विभिन्न जाति के समाज प्रमुखों व जिलाध्यक्षों से संपर्क कर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए निवेदन कर आमंत्रित किया जावेगा।बागबाहरा में विश्व आदिवासी समारोह की तैयारी व रुपरेखा के लिए आगामी बैठक 12 जुलाई 2025 को बागबाहरा में ही किया जावेगा। इस बैठक में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष लेखराम दीवान, जिला सचिव विनोद दीवान, जिला कोषाध्यक्ष सहदेव ध्रुव,सलाहकार मनराखन ठाकुर, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष गोलू रावल, बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष लोकेश दीवान, ब्लाक उपाध्यक्ष अंजोर ठाकुर, ब्लाक कोषाध्यक्ष राम कुमार ठाकुर, भूषण सिंह बरिहा,पार्षद सरिता दीवान, युवा प्रकोष्ठ बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष उमेश कुमार दीवान, हरीश दीवान, सुकालू राम बरिहा, लव कुमार दीवान, हरिहर दीवान, लोकनाथ ध्रुव, भूषण दीवान , राजेश दीवान, यदुवेन्द्र कुमार ध्रुव,नोहर बरिहा,ओकेश्वर दीवान सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के देवतुल्य सगाजन उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी हरीश दीवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।

## मैनपुर भाजपा मंडल ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल मैनपुर द्वारा स्थानीय विश्रामगृह में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करके किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने एक देश में दो प्रधान, दो संविधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया और इस संकल्प की पूर्ति के लिए अपना बलिदान दिया। शर्मा ने बताया कि उनका सपना अखंड भारत का था, और आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को खत्म कर डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ के रूप में राष्ट्रवादी विचारधारा की नींव रखी, जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश का नेतृत्व कर रही है।

**राष्ट्र हित सेवा का संकल्प-** मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी दूरदर्शी शिक्षाविद थे। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती पर हम सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि हम राष्ट्र हित, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलेंगे, और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री महेश कश्यप ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, भाजपा मंडल महामंत्री महेश कश्यप, मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र सोनी, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश नेगी, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सुधीर ठाकुर, मोहन कुशवाहा, जनक यादव, अजित लाल सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने लिया सेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में गरियाबंद एवं बिंद्रानवागढ़ मंडल के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लंबे समय तक संघर्ष किया, उससे आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने डॉ. मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनमें देशभक्ति का भाव बचपन से ही था। वे राष्ट्र के लिए सोचने वाले और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के जीवन से जुड़े अहम पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि जनसंघ की स्थापना से लेकर अंतिम सांस तक डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष किया। युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में जिला मंत्री श्रीमती मिलेश्वरी साहू, प्रशांत मानिकपुरी, द्वय मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बिंद्रानवागढ़ धनराज विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए डॉक्टर मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री परसराम देवांगन ने किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, नरोत्तम साहू, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, टीकम साहू, वीरेंद्र साहू, वंश गोपाल सिन्हा, प्रकाश यादव, गोविंद तिवारी, खेम सिंह बघेल, प्रियंका सोनी, इतवारी देवांगन, प्रकाश सोनी, प्रतीक सिंह, सरोजनी रात्रे, विनोद नेताम, जगमोहन शर्मा, तरुण ठाकुर, सरला उइके, अर्चना उपाध्याय, मंजरी गुप्ता सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**भाजपाईयों ने राष्ट्रभक्त श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई, पौधारोपण किया गया**

## डॉ. मुखर्जी एक राष्ट्रभक्त और अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

रविवार को विश्रामगृह फिंगेश्वर में भाजपा फिंगेश्वर मंडल द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके राष्ट्रभक्तिपूर्ण जीवन को याद किया। वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को एक महान राष्ट्रभक्त बताया। उन्होंने कहा कि मुखर्जी का जन्म कलकत्ता शहर में हुआ था और उन्होंने वहीं अपनी शिक्षा दीक्षा हासिल की। हरित ने बताया कि देश को आजादी मिलने के साथ हुए बंटवारे के बाद भी देश में पनप रही अलगाववादी मानसिकता के चलते जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाकर उसे अलग कर दिया गया था, जो डॉ. मुखर्जी को स्वीकार्य नहीं था। हरित ने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी ने आजाद भारत के उद्योग मंत्री पद से इस्तीफा देकर 21 अक्टूबर 1951 को अखिल भारतीय जनसंघ की



स्थापना की और कश्मीर के मुद्दे पर संघर्ष किया। वे 'एक विधान और दो संविधान' के खिलाफ थे। आज हम सभी उनके जन्म जयंती पर उन्हें एक प्रखर राष्ट्रवादी, सिद्धांतों के प्रति अडिग और भारतीय एकता के सच्चे सूत्रधार के रूप में याद करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके सपनों एवं विचारों को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं।

**नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक अशोक राजपूत ने किया याद-** नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक अशोक राजपूत ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड राष्ट्र का सपना लेकर चल रहे थे। आजादी के बाद कश्मीर के



लिए बनाई गई नीति धारा 370 के वे प्रबल विरोधी थे। उनका स्पष्ट कहना था कि 'एक विधान एवं दो संविधान' नहीं चलेंगे। इसी भावना को लेकर वे कश्मीर गए, जहां उनका निधन हो गया। राजपूत ने कहा कि उनके सपने पूरे नहीं हुए थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके सपने को सार्थक कर कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया है। डॉ. मुखर्जी राष्ट्रभक्त और भारत की एकता-अखंडता के प्रबल समर्थक थे।

#### भाजपा नेता रामूराम ने दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू ने बताया कि डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था और वे प्रारंभ से ही मेधावी रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे से ही उनको पीड़ा हुई थी, जिसके चलते कश्मीर का विलय धारा 370 में होने पर वे अशांत हो गए, क्योंकि वे एक राष्ट्रभक्त थे और भारत की एकता एवं अखंडता के लिए गहरी सोच रखते थे। साहू ने बताया कि उनका मानना था कि एक देश में दो संविधान नहीं होना चाहिए। इसलिए वे लोगों में कश्मीर के मुद्दे को असंवैधानिक बताते हुए संघर्ष करते रहे और इसी बात को लोगों के सामने रखने कश्मीर यात्रा पर निकले, जहां 23 जून 1951 को उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु किस प्रकार हुई, यह आज भी रहस्य बना हुआ है। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. प्यारेलाल सोनकर आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री भुवन साहू ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन महामंत्री प्रेमलाल टोंडर ने किया। कार्यक्रम के समापन पश्चात मंडल की ओर से पौधे भी रोपे गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, सीमा ठाकुर, शीतल साहू, अश्वनी विश्वकर्मा, अशोक साहू, किसन निषाद, संतराम ध्रुव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### खड़मा मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती मनाई गई

**मुड़ागांव (कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खड़मा मंडल के अंतर्गत, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिवस सोरिद खुर्द के गायत्री मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष छुरा पीलू राम यादव, खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा और वरिष्ठ कार्यकर्ता जगन्नाथ पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इन नेताओं ने डॉ. मुखर्जी की जीवनशैली और उनके राष्ट्र के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पालेन्द्र साहू ने किया। इस जयंती समारोह में जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवानंद सिन्हा, गोकुल कुंभकार, रेवती भुजिया, मंडल मंत्री डोमन विश्वकर्मा, तुकाराम सिन्हा, रिंकू ललीता सिन्हा, रमन निषाद, मनी राम यादव, सोहदरा निषाद और भाजपा के अन्य सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव 9 और 10 जुलाई को

**छुईहा बेलर।** श्री चंकेश्वरी दिव्य धाम-गुरुधाम तरीघाट (कुण्डेल) के संचालक डॉ. आनंद मतावते गुरुजी द्वारा इस वर्ष गुरु पूर्णिमा का अमृत आनंद महोत्सव 09 और 10 जुलाई 2025 को राजनांदगांव स्थित माता पाताल भैरवी मंदिर, हिमानी धाम में आयोजित किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से भी अनुयायी शामिल होंगे।



गुरुधाम तरीघाट के प्रमुख महाराज रामधन जोशी ने आयोजन के संदर्भ में बताया कि इस महोत्सव में विशिष्ट गुरु पूजन, साधनात्मक मार्गदर्शन, मंत्र व विशेष मंत्र दीक्षा, और अमृत आनंद मिलन महोत्सव जैसे कार्यक्रम होंगे। आयोजन की तैयारी में राजिम से रामगुलाल साहू, राजनांदगांव से दिनेश यादव और उदित नारायण जंघेल, महासमुंद से मनीष बाबा सहित सेजबाहरा, झलप, कोमाखान आदि क्षेत्रों के अनुयायी सक्रिय रूप से शामिल हैं। डॉ. आनंद मतावते गुरुजी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित है, जो कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास और प्रबुद्ध करने के लिए, बहुत कम अथवा बिना किसी मौद्रिक खर्चे के अपनी बुद्धिमता को साझा करने के लिए तैयार होते हैं। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है, जो वेदव्यास के जन्मदिन के सम्मान में है।

### आप प्रदेश अध्यक्ष ने तमनार जंगल कटाई पर कांग्रेस-भाजपा को घेरा

**मुड़ागांव (कोरासी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने रायगढ़ के तमनार में हो रही जंगल कटाई को लेकर कांग्रेस और भाजपा, दोनों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तमनार में जंगल कटाई का विरोध कर रहे कांग्रेस और भूपेश बघेल को इसका नैतिक अधिकार नहीं है।



गोपाल साहू ने याद दिलाया कि 2022 में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने ही पीईकेबी (परसा कोल ब्लॉक) परियोजना के तहत हसदेव अरण्य में कोयला खनन के लिए वन भूमि को मंजूरी दी थी, जिसमें करीब 80,000 पेड़ काटने की अनुमति दी गई थी और पेड़ काटे भी गए थे। उन्होंने कहा कि हसदेव अरण्य में जंगल की कटाई पर आदिवासियों ने भारी विरोध जताया था, लेकिन तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने उनकी बात नहीं सुनी। जब हजारों आदिवासी राजधानी रायपुर में अपनी बात रखने के लिए उनसे मिलना चाहते थे, तो उन्होंने मिलना भी उचित नहीं समझा। साहू ने कहा की इस तरह भूपेश बघेल जी आपको वर्तमान जंगल कटाई का विरोध करने का नैतिक अधिकार नहीं है।

# कोपरा में बिजली का खंभा 5 दिन में गिरा, किसान परेशान, विभाग कर रहा मज़ाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कोपरा क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही लगातार ग्रामीणों और किसानों की परेशानियों को बढ़ा रही है। दो महीने पहले आए तूफान में खेतों में गिरे 33 केवी न्यू गरियाबंद लाइन के पोल को हटाने की मांग पर विभाग ने गत सप्ताह जो कामचलाऊ पोल खड़े किए थे, वे महज 5 दिन में ही शनिवार को हुई बारिश में फिर से ढहकर वहीं खेतों में गिर गए। इससे किसानों में आक्रोश है और विभाग पर दिखावटी कार्रवाई का आरोप लग रहा है। कोपरा के वन डिपो क्षेत्र, नेशनल हाईवे किनारे खेतों में दो बिजली खंभे अप्रैल महीने में आए आंधी-तूफान में गिर गए थे। किसान मंगतू सतनामी, उषा साहू और चुम्मन साहू समेत अन्य ग्रामीणों ने कई बार विभागीय जेई जॉन्सन बंजारे से गुहार लगाई थी। लेकिन महीनों तक कोई सुनवाई नहीं हुई प्रशासनिक उदासीनता के बीच जब खबर मीडिया में आई तो विभाग ने पांच दिन पहले दो नए खंभे लगाए लेकिन ये भी भारी बारिश में खड़े नहीं रह सके। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या इस तरह बिजली व्यवस्था में "जुगाड़ समाधान" कर जनजीवन के साथ खिलवाड़ नहीं हो रहा?

**खरीफ की बुवाई भी प्रभावित-** अब जब खरीफ की बुआई शुरू हो रही है, और खेतों में हल और बीज चलने लगे हैं, ऐसे में खेत में दोबारा गिरे खंभे ने कामकाज रोक दिया है। किसान बताते हैं कि जहां खंभे गिरे हैं, वहीं पानी भरता है और फसल का नुक़सान होता है। अब न बिजली मिल पा रही है, न खेत पूरी तरह तैयार हो पा रहे हैं।

## दो महीने से झेल रहे परेशानी, फिर भी समाधान अधूरा

### कर्मचारी के भरोसे चल रहा सिस्टम

ग्रामीणों का कहना है कि जेई जॉन्सन बंजारे को कोपरा और राजिम दोनों जगह का चार्ज दिया गया है, लेकिन वे कोपरा में दिखाई नहीं देते। पूरा कार्य अधीनस्थ कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है, जो केवल नाम मात्र की मरम्मत और दिखावटी कार्य कर रहे हैं।



### लापरवाह अधिकारियों पर हो कार्रवाई

स्थानीय नागरिकों ने दो टूक कहा है कि कोपरा जैसे ग्रामीण अंचल में जब तक गंभीर और जिम्मेदार अधिकारी पदस्थ नहीं होते, तब तक ऐसी समस्याएं बार-बार सिर उठाएंगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि जेई जॉन्सन बंजारे का तत्काल तबादला हो और उनके स्थान पर संवेदनशील व सक्रिय अधिकारी की नियुक्ति की जाए। पोल गिरने से केवल बिजली ही बाधित नहीं हो रही, बल्कि खेतों में मजदूरी, पंपिंग सेट, बच्चों की पढ़ाई और रात की सुरक्षा व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। यह केवल तकनीकी नहीं, बल्कि जनजीवन से जुड़ा बड़ा सवाल है जिसका समाधान विभाग को गंभीरता से करना ही होगा।

**प्रदर्शन :** स्कूल गेट पर ताला, परीक्षा परिणाम में हेराफेरी और दुर्व्यवहार का आरोप, जमकर प्रदर्शन

# अकलवारा हाई स्कूल में छात्रों का फूटा गुस्सा प्राचार्य पर रिजल्ट में हेराफेरी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

विकासखंड छुरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में प्रभारी प्राचार्य जीपी वर्मा के खिलाफ शनिवार सुबह से ही हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों, छात्रों और अभिभावकों ने प्राचार्य पर 2024-25 के परीक्षा परिणाम में हेराफेरी, मनमानी और छात्रों के साथ दुर्व्यवहार का गंभीर आरोप लगाते हुए स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया और जमकर प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण घंटों तक स्कूल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई। प्रदर्शनकारी छात्रों और ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने 11वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गंभीर हेराफेरी का आरोप लगाया है, जिसके चलते कई छात्र-छात्राएं, जो वास्तव में पास थे, उन्हें जानबूझकर फेल कर दिया गया। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों ने पूरे साल कड़ी मेहनत की, लेकिन प्राचार्य की मनमानी ने उनके भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। इस अन्यायपूर्ण फैसले से बच्चों का आत्मविश्वास टूट गया है और कई तो डिप्रेशन की कगार पर पहुँच गए हैं। एक प्रदर्शनकारी पालक ने कहा की हमारे बच्चों के साथ अन्याय हुआ है। प्राचार्य वर्मा छात्रों को डांटने-फटकारने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इस बार तो हद ही हो गई। पास हुए बच्चों को फेल दिखाकर उनका करियर बर्बाद करने की कोशिश की गई। हम यह अन्याय कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### प्रमुख मांगे

- ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से स्पष्ट रूप से दो प्रमुख मांगें रखी हैं
- प्राचार्य जीपी वर्मा को तत्काल पद से हटाया जाए।
- परीक्षा परिणाम में की गई हेराफेरी की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो।

### प्रशासन की स्थिति और विशेषज्ञों की राय

घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। बीईओ कार्यालय से कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन पालक अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। प्रदर्शनकारी इस मामले में जांच के लिए डीईओ और जिला कलेक्टर तक ज्ञापन भेजने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, खबर लिखे जाने तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करती हैं, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ भी क्रूर मजाक हैं। उनका कहना है कि यदि बच्चों के भविष्य को बचाना है, तो ऐसी मनमानी पर तत्काल अंकुश लगाना होगा। इस प्रदर्शन में उपस्थित ग्रामीण संरक्षक पुरन सिंह ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष बिष्णु राम ध्रुव, राजकुमार सेन, निलसिंग दीवान, देवेन्द्र कुमार साहू, मोहित सेन, गैंदालाल निर्मलकर, अरुण कुमार सिन्हा, शुक्लाचरण दीवान, रामरतन, सोनूलाल, पदमन, टिकेश्वर, कोमल, खेमसिंह, संतोष, उर्मिला निषाद (उपसरपंच), पुष्पा दीवान, हेमलता, जयंती बाई, ढेला बाई, उदेराम दीवान और समस्त ग्रामवासी शामिल थे।

### पालकों ने चेतावनी दी

पालकों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे स्कूल संचालन में किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं करेंगे। फिलहाल, स्कूल में तालाबंदी के कारण पढ़ाई पूरी तरह से ठप है, जिससे बच्चों की शिक्षा का नुकसान हो रहा है।

### छात्रों का दर्द और स्कूल का माहौल

नाम न छापने की शर्त पर एक छात्र ने बताया, हमसे कहा गया कि तुम फेल हो। हमारी कॉपियां भी नहीं दिखाई गईं। हमारी मेहनत बेकार हो गई। घर में सब लोग दुखी हैं। पता नहीं अब आगे क्या होगा।/" एक अन्य छात्रा ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई, हम गरीब परिवार से आते हैं। पूरे साल पढ़ाई की। पास थे, फिर भी फेल कर दिया गया। अब दोबारा कैसे पढ़ाई करें? प्रदर्शन के दौरान स्कूल गेट पर ताला लगा होने के कारण शिक्षकों को भी अंदर प्रवेश करने में परेशानी हुई और बच्चों को घर वापस भेज दिया गया। पूरे गाँव में यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है। माता-पिता और ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### विधानसभा-लोकसभा परिसीमन से पहले विकासखण्डों का हो पुनर्गठन : मुरलीधर

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने विकास के हित में विकासखण्डों के परिसीमन की मांग उठाई है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत सरकार द्वारा आगामी जनगणना की अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसमें जातिगत आधार पर भी गणना शामिल है। इसके पश्चात लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन प्रस्तावित है।



मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि देश में समय-समय पर संसदीय व विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होता रहा है, लेकिन विकासखण्डों का पुनर्गठन वर्ष 1981 के बाद अब तक नहीं हुआ है, जबकि जनसंख्या में तीन गुना से अधिक वृद्धि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और भौगोलिक दूरी को ध्यान में रखते हुए ब्लॉक स्तर पर पुनर्गठन आवश्यक हो गया है। सिन्हा ने उदाहरण देते हुए बताया कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के कई ग्राम मुख्यालय से 90 से 100 किलोमीटर दूर हैं। ऐसे में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को विकासखण्ड मुख्यालय तक पहुंचने में समय और पैसे दोनों की भारी बर्बादी होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन दूरस्थ ग्रामों को समीपवर्ती विकासखण्ड देवभोग या प्रस्तावित धुवागुड़ी ब्लॉक से जोड़ा जाए, जिससे प्रशासनिक कार्यों में सहजता आएगी।

# मिडिल स्कूल जंवईबांधा में न्योता भोज और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंवईबांधा में डुकेश साहू उपाध्यक्ष शाला विकास समिति ने अपने जन्मदिन पर शाला के सभी बच्चों को न्योता भोज कराया जिसमें विद्यार्थियों को खीर, पुड़ी, भजिया सहित अन्य पकवान दिया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक ओमप्रकाश सोनकला ने बताया कि डुकेश साहू ने पिछले वर्ष भी अपने जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज कराया था। वहीं डुकेश साहू द्वारा प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज देने व शाला को दीवाल घड़ी भी देने की बात कही। सरपंच मुकेश साहू व शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश साहू द्वारा भी अपने जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज देने की घोषणा की। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला परिसर मे विभिन्न प्रकार के पौधौ का रोपण किया गया जिसमें आम, पीपल, बरगद,नीम सहित विभिन्न प्रकार के फुल व फलदार पौधों का रोपण किया गया।



इस मौके पर सरपंच मुकेश साहू,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश साहू, डुकेश साहू, उपाध्यक्ष शाला विकास समिति, ओमप्रकाश सोनकला प्रधान पाठक, चेतन साहू शिक्षक, अंजूलता गिलहरे शिक्षिका, जीरा जोगी शिक्षिका,रामसेवक यादव सहित, एसएमसी सदस्य गण, पंचायत पदाधिकारी, पालकगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



भाजपा मंडल राजिम में महान शिक्षाविद को किया गया याद

भाजपा मंडल राजिम के विश्राम गृह में महान शिक्षाविद भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महासमुंद लोकसभा के पूर्व सांसद छ.ग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष किया और जम्मू-कश्मीर से दो प्रधान, दो विधान, दो निशान समाप्त करने के संघर्ष में शहीद हो गए। जनसंघ की स्थापना की, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुई। उन्होंने एक ऐसा राजनीतिक विकल्प दिया जिसके मूल में भारतीयता थी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सच्चे उपासक थे और उन्होंने देश की सांस्कृतिक विरासत को बचाने और बढ़ावा देने के लिए काम किया। कार्यक्रम को भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और भारतीयों के अधिकारों के लिए लड़े डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर के लिए एक अलग संविधान और ध्वज की मांग के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया। 23 जून 1953 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तारी हुई और उन्हें जेल में रखा गया। जेल में उनकी तबीयत खराब हो गई और 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत आज भी प्रासंगिक है। उनकी देशभक्ति, निष्ठा और बलिदान हमें प्रेरित करते हैं। वह एक महान नेता थे जिन्होंने अपने जीवन को देश के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,मंडल महामंत्री रेणुका साहू, मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा, शकुन साहू, नारायण साहू, मंडल मंत्री मीना ध्रुव, राजेश परमार, सभापति कुलेश्वर साहू,आकाश राजपूत, भारत यादव, पार्षद सुरेश पटेल, संजीव साहू, शरद पारकर, सुनील श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, राधेश्याम सोनी, योगेश्वर गोस्वामी, मीडिया प्रभारी युवराज साहू,लेखराम ध्रुव, अखिलेश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, ऋषि दुबे, चंद्रहास साहू, डोमार ध्रुव, शिवकुमार साहू, अशोक साहू, तेजेश्वर सेन, भागवत साहू, टीकमचंद सेन सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद थे।

हजरत इमाम हुसैन की याद में मैनपुर में मनाया गया मोहर्रम का पर्व

# रजा मस्जिद में यौमे आशूरा पर विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में मुस्लिम समाज द्वारा मोहर्रम के अवसर पर 10 दिनों तक रजा मस्जिद में मौलाना सिब्तैन रजा द्वारा हजरत इमाम हुसैन की याद में नुरानी तकरीर पेश किया गया। आज रविवार 10 मोहर्रम को सुबह आठ बजे रजा मस्जिद में यौमें आशूरा के अवसर पर विशेष नमाज अदा कर प्रदेश व देश में अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी गई। मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमों के कब्रों में फूल और ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी। वही हजरत इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा अपने अपने घरो में फातिहा खानी कर लंगर और शरबत का वितरण किया गया। मुस्लिम समाज द्वारा मैनपुर में नव निर्माण किये गये जमात खाना में शाम को आम लंगर का आयोजन किया गया, इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग बडी संख्या में शामिल हुए।

### प्रदेश में खुशहाली की मांगी गई दुआ



**सच्चाई और हक पर चलने का नाम ईमाम हुसैन है : मौलाना सिब्तैन रजा-** मैनपुर रजा मस्जिद में मोहर्रम का माह प्रारंभ होते ही रजा मस्जिद में रात 09 बजे से तकरीर का प्रोग्राम आयोजित किया गया जो 10 मोहर्रम तक लगातार चले तकरीर के प्रोग्राम के दौरान मौलाना सिब्तैन रजा ने अपने नुरानी तकरीर पेश करते हुए कहा कि सच्चाई और हक पर चलने का नाम हुसैन है, दिन के हिफाजत कर अपने पुरे खानदान की कुर्बानी देकर दुनिया के सामने मिशाल पेश करने वाला का नाम हुसैन है, हम अगर सच्चे हुसैनी है तो मजिस्दों को अपने सजदों से रौनक करे इससे हमारी दुनिया और आखरत दोनों संवर जायेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुस्लिम जमात मस्जिद कमेटी प्रभारी नजीब बेग, मो. जाहीद रजा, हैदर मेमन, आसीफ खान, मो. नदीम रजा, मदरसा कमेटी प्रभारी गुलाम मुस्तफा (गोलू ), जब्बीर भाई, रसीद खान, शेख हुसैन, मकसुद अली, कब्रिस्तान देखभाल कमेटी सुल्तान मेमन, असलम मेमन, कादिर मेमन, अजहर मेमन, निर्माण प्रभारी सलहाकार अनीश सोलंकी, हॉजी गफ्फार मेमन, हबीब मेमन, हनीफ मेमन, हाजी रफीक मेमन, हाजी गुलाम मेमन, हाजी सत्तार मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हाफीज तौकीर रजा, वली मोहम्मद धन्नाड़ी, शेख हसन खान, जुनैद रजा, अहमद बेग, गुलाम रसुल बेग सहित बडी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित हुए।

